08 07 24

# Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी                    विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'है तथा हैं का प्रयोग' तथा 'गिनती' अंकों व शब्दों में

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो!

यह कार्य कक्षा तीसरी, विषय हिन्दी व्याकरण, उपविषय - 'है तथा हैं का प्रयोग' व 'गिनती' से लिया गया है।

बच्चो! आज मैं आपको है तथा हैं का प्रयोग कैसे किया जाता है, सिखाऊँगी। इसके साथ ही मैं 11-20 तक गिनती (अंकों व शब्दों में) सिखाऊँगी। सभी बच्चे ध्यान से मेरी बात सुनेंगे व समझने का प्रयास करेंगे। बच्चो! यदि आप सब तैयार हैं तो मैं पढ़ाना आरंभ करती हूँ।

## है तथा हैं का प्रयोग

बच्चो! 'है' का प्रयोग एकवचन के साथ किया जाता है। एक बात और ध्यान में रखेंगे कि 'है' बोलते समय कोई Nasal ध्वनि नहीं सुनाई देती है। अंग्रेज़ी भाषा में जहाँ is का प्रयोग किया जाता है, हिन्दी में वहाँ 'है' का प्रयोग किया जाता है; जैसे-

1) यह फूल है।                    2) यह लकड़ी है।

This is flower.                    This is girl.

बच्चो! आपने ऊपर उदाहरण में दिए वाक्यों में देखा होगा कि अंग्रेज़ी में जहाँ is का प्रयोग हुआ है, हिन्दी में वहाँ पर हमने 'है' का प्रयोग किया है।

अब हम 'हैं' के विषय में पढ़ेंगे।

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - है तथा हैं का प्रयोग व गिनती

## 'हैं' का प्रयोग

'हैं' का प्रयोग हमेशा बहुवचन के साथ किया जाता है। अंग्रेज़ी भाषा में जहाँ are का प्रयोग किया जाता है। हिन्दी भाषा में वहाँ 'हैं' का प्रयोग किया जाता है। 'हैं' के साथ हमें एक nasal ध्वनि सुनाई देती है।

उदाहरण :

1) ये फूल हैं। 2) ये लड़कियाँ हैं।

These are flowers. These are girls.

हिन्दी के वाक्यों में 'हैं' का प्रयोग एक जगह और किया जाता है।

अपने से बड़े व्यक्ति के लिए जिन्हें हम सम्मान देते हैं, उनके साथ भी 'हैं' का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण :

1) ये मेरी माता जी हैं।

2) ये दादा जी हैं।

बच्चो! अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ, जिनके उत्तर आप ब्रेक के दौरान अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखोगे।

प्रश्न 1. 'हैं' का प्रयोग किसके साथ किया जाता है?

प्रश्न 2. अपने से बड़े व्यक्ति को सम्मान देने के लिए हम 'है' तथा 'हैं' में से किसका प्रयोग करेंगे।

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - है तथा हैं का प्रयोग व गिनती

प्रश्न 3. 'हैं' का प्रयोग किसके साथ किया जाता है?

(ब्रेक समाप्त)

बच्चो! आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर: 1. 'है' का प्रयोग हमेशा एकवचन के साथ किया जाता है।

उत्तर: 2. हैं का प्रयोग।

उत्तर: 3. 'हैं' का प्रयोग बहुवचन के साथ किया जाता है।

आइए, अब कुछ 'है' तथा 'हैं' वाले वाक्य पढ़ते हैं, जिससे आपको इनका अंतर [illegible] अच्छी तरह समझ आ सके।

1. यह मोहन का घर है।
2. सबने पीले कपड़े पहने हैं।
3. यह राहुल की दादी जी हैं।
4. पक्षी चहचहा रहे हैं।
5. राधिका पत्र लिख रही है।
6. पेड़ पर कोयल कूक रही है।
7. पिता जी बाज़ार गए हैं।
8. बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं।

कक्षा - तीसरी          विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - है तथा हैं का प्रयोग व गिनती

9. रोहन पतंग उड़ा रहा है।

10. एक सप्ताह में सात दिन होते हैं।

11. होली मेरा मनपसंद त्योहार है।

12. बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।

## गिनती

(11 से 20)

| अंग्रेज़ी अंक | हिन्दी शब्द | हिन्दी अंक |
|---|---|---|
| 11 - | ग्यारह | ११ |
| 12 - | बारह | १२ |
| 13 - | तेरह | १३ |
| 14 - | चौदह | १४ |
| 15 - | पंद्रह | १५ |
| 16 - | सोलह | १६ |
| 17. - | सत्रह | १७ |
| 18 - - | अठारह | १८ |

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - है तथा हैं का प्रयोग व गिनती

शिक्षिका- कल्पना शर्मा

(गिनती)

19 - उन्नीस १९

20 - बीस २०

गृहकार्य → सभी बच्चे 'है तथा हैं वाले वाक्य व गिनती' अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट में लिखेंगे व याद करने का प्रयास करेंगे।

धन्यवाद।

(last Page)